राज
कॉमिक्स
संख्या 0031

नागराज की हांगकांग यात्रा

नागराज का एक पोस्टर मुफ्त

PRATAP MULICK

संजय गुप्ता पेश करते हैं...

नागराज की हांगकांग यात्रा

लेखक : परशुराम शर्मा
चित्रांकन : संजय अष्टपुत्रे
सम्पादक : मनीष गुप्ता

मिस ताकाशी! कहीं यह सिल्वर लैण्ड की राजकुमारी ही तो नहीं...! मगर यह हांगकांग क्यों जा रही है? वहीं तो एशिया के सबसे बड़े गैंगस्टर चांगो का अड्डा है।

हांगकांग पहुंचने पर एयरपोर्ट के बाहर टैक्सी स्टैण्ड पर-
यह परेशान नजर आ रही है। मुझे इस पर नजर रखनी होगी। शायद इसे मेरी मदद की जरूरत पड़े..!

मिस ताकाशी जिस टैक्सी में बैठी थी... एकाएक दाएं-बाएं से दो व्यक्ति आकर - दोनों ओर के दरवाजे खोलकर उसमें बैठ गए।

नागराज ने तुरन्त ही निर्णय लिया और एक टैक्सी की ओर लपका। और--
जल्दी! उस आगे वाली टैक्सी का पीछा करो!
नागराज की नजरों से ड्राइवर सम्मोहित सा हो गया - वह कुछ पूछ भी न सका।

अगली टैक्सी इसी इमारत में प्रविष्ट हुई है। और यह इमारत हांगकांग स्थित चांगो के विभिन्न ठिकानों में से एक है।
चांगो इन्टरप्राइजिज
CHANGO ENTERPRISES
नागराज ने टैक्सी ड्राइवर को किराया देकर विदा किया।

फाटक पर पहरेदार मुस्तैद खड़े हैं। उनसे बहस करनी बेकार है, अंदर प्रवेश करने के लिए मुझे अपना ही तरीका इस्तेमाल करना होगा।

नागराज ने इमारत के पीछे पहुंच कर अपना ओवरकोट उतारा।

ओवरकोट का कपड़ा सिकुड़कर सूक्ष्म हो गया जिसे नागराज ने बेल्ट की तरह कमर पर लपेट लिया।
खौफनाक जंग के आसार नजर आ रहे हैं।

नागराज पार्श्व भाग की दीवार पर चढ़ने लगा

और एक खिड़की से...
...अंदर कूद गया।

तभी-
ऐ! कौन हो तुम?
तुम्हारा बाप!

फुस्स
आह...

इधर मेरी आंखों में देखो!
उफ!

नागराज ने उसे सम्मोहित कर दिया।
इस इमारत में एक लड़की को एयरपोर्ट से लाया गया है, वह इस वक्त कहां है?
मुझे नहीं मालूम!
फिर किसे मालूम है ?
यह सारी जानकारी कंट्रोल रूम से मिल सकती है, कंट्रोल रूम दसवें फ्लोर पर है।

तो फिर तुम मेरे किसी काम के नहीं...
फुस्स

दसवां फ्लोर!

दसवें फ्लोर पर पहुंचते ही नागराज का स्वागत किया गोलियों ने।
रै..टा..टा..टा
रै..टा..टा..टा.

इन्हें मेरे आगमन की भनक मिल गई है-इसका मतलब यहां वीडियो कैमरों की व्यवस्था है!

कैमरे छत पर लगे हैं!

कड़ाक
अब देखता हूं कैसे देखते हैं मुझे...!

कहां गया?
बेवकूफ!
सारे कमरे देख डालो!

रोशनदान से नागराज कंट्रोल रूम में पहुंचा-
कंट्रोल रूम
पता नहीं वह इन्सान है या जादूगर! हम तो उसे पहली मंजिल पर ही घेर लेते-किन्तु सेकेण्डों में वह दसवीं मंजिल पर आ गया और हमारे आदमियों को बेहोश करके गायब हो गया सर!

हम उसे तलाश कर रहे हैं सर!
हो सकता है वह फरार हो गया हो।

धॉय धॉय
रे..टा..टा टा टा...
वह रहा! किल हिम!!

इंचार्ज ने खतरे के अलार्म का स्विच शीघ्रता से पुश कर दिया।
पीं पीं

पीं पीं..पीं..पीं..
सांप
सांप

ठाक!
पीं..पीं..पीं..पीं..पीं.
ढिशुंग
तड़क

इंचार्ज को नागराज ने सम्मोहित कर दिया।
खतरे का अलार्म बन्द करो!

हैलो-हैलो-सर... ऊपरी फ्लोर पर गोलियों की आवाज... क्या वहां सब ठीक है?
उसे बताओ कि सब ठीक है?

इंचार्ज ने आदेश का पालन किया और वही कहा जो नागराज ने उससे कहने को कहा था!
स्थिति नियंत्रण में है... सब ठीक है... आपसी गलत फहमी के कारण गोली चल गई थी... तुम सब अपने-अपने कामों में लग जाओ... हां-हां किसी को तलाश करने की जरूरत नहीं-सब ठीक है।

हां! सब सामान्य व पूर्ववत है... अब जरा मुझे उस लड़की के बारे में बताओ-जिसे एयरपोर्ट से लाया गया था!
वह ताकाशी है-सिल्वर लेण्ड की राजकुमारी! बॉस का हुक्म था, उसे हांगकांग पहुंचते ही कब्जे में कर लिया जाए।

संदेश हर मंजिल पर मौजूद चांगों के साथियों तक पहुंच गया।
वह इस समय ब्लैक रूम में है और थोड़ी ही देर में उसे यहां से बॉस के पास ले जाया जाएगा।
तुम्हारा बॉस कौन है?
चांगो!

चांगो के बारे में तुम मुझे क्या बता सकते हो
हमारा बॉस। एशिया का सबसे बड़ा गैंगस्टर है। किन्तु किसी भी देश की पुलिस के पास उसके खिलाफ ऐसा कोई सबूत नहीं है कि उसे गिरफ्तार कर सके।

मिस ताकाशी को तुम लोगों ने क्यों पकड़ा है...?
उसे सुजुकी से मिलने से रोकने के लिए। बॉस नहीं चाहता कि राजकुमारी ताकाशी सुजुकी से मिलने में कामयाब हो!

यह सुजुकी कौन है?
मार्शल आर्ट, जूडो-कराटे, कुंगफू का सबसे बड़ा माहिर-जिसके सामने शांगो भी सिर झुकाता है!

शांगो
यह कौन है???
हमारे बॉस चांगो से टक्कर लेने का हौसला रखने वाला -एशिया का एकमात्र लड़ाका! चांगो के बाद एशिया के अण्डर वर्ल्ड की सबसे बड़ी शक्ति शांगो ही है।

हुम्म! अब मेरी बात ध्यान से सुनो मिस्टर इंचार्ज-अपने आदमियों को आदेश दो-राजकुमारी ताकाशी को तुरन्त छोड़ दिया जाए, उसे कहीं जाने से रोका नहीं जाए।

मैं अपनी आंखों से उसे इस इमारत से बाहर निकलते देखना चाहता हूं! तुरन्त... अभी... इसी समय...
ठीक है! मैं अभी आदेश देता हूं!

अगले ही पल-
हैलो, रीबन बॉस का नया आदेश है-- राजकुमारी ताकाशी को फौरन छोड़ दिया जाए!

इंचार्ज के आदेश का तुरन्त ही पालन किया गया-
टी.वी. स्क्रीन पर नागराज ने मिस ताकाशी को चांगो इंटरप्राइजिज के फाटक से बाहर निकलते देखा।

जैसे ही राजकुमारी ताकाशी फाटक से बाहर निकली-
आह!
ठाक!

और फिर खिड़की की राह से-
इस इमारत में कितना हंगामा हुआ - गोलियां चलीं - मगर पुलिस को कोई खबर नहीं। लगता है यहां की पुलिस भी चांगो से घबराती है।

कम्पाउंड में एक टैक्सी खड़ी थी - जिसके निकट दो स्टेनगन धारी पहरेदार भी थे। उनकी नजर जैसे ही नागराज पर पड़ी
अरे! वह क्या है मिंग?
पता नहीं। गोली चलाएं?

मगर पहरेदार कुछ भी नहीं कर सके। नागराज की फुंकार ने उन्हें....
फुरर्रस
... पहले ही बेहोश कर दिया।

और फिर-
यही वह टैक्सी है जिसमें मिस ताकाशी को यहां तक लाया गया था, ड्राइवर चांगो का ही कोई आदमी रहा होगा।
कौन है?
रोको!

लेकिन नागराज ने पहरेदारों के प्रश्न का उत्तर दिया अपनी जहरीली फुंकारों से-

फुरर्रस
आह!
और अगले ही पल वह चांगो इंटरप्राइजिज की इमारत से बाहर था।

बाहर निकलते ही उसने सड़क के किनारे खड़ी राजकुमारी ताकाशी के पास टैक्सी रोक दी।
मिस ताकाशी फौरन इस टैक्सी में आ जाइए!
कौन हो तुम, मुझे कैसे जानते हो? अरे! तुम तो...
नागराज को पहचानते ही राजकुमारी टैक्सी में बैठ गई।

थोड़ी देर बाद—
आपने ठीक पहचाना -- हम प्लेन में सहयात्री थे।
तुम्हारी पोशाक ??

इस समय सिर्फ काम की बात! यह बताइए आप हांगकांग क्यों आई हैं? और चांगो के साथियों ने आपका अपहरण क्यों किया था?
चांगो के साथियों ने मेरे पिता किंग आफ सिल्वर लैण्ड की हत्या करदी और हमारे राज्य में चांगो का ही एक गुर्गा डिक्टेटर बन गया है।

मैं बड़ी मुश्किल से अपनी जान बचाकर भागने में सफल हुई हूं- मुझे कोलून जाना है... वहां मेरे पिता का मित्र सुजुकी है- जो मुझे चांगो से बचा सकता है- और उसकी तथा उसके चेले शांगो की मदद से शायद मैं फिर से अपना राज्य हासिल करलूं।

मगर कोलून पहुंचने से पहले ही—
आह! पेट्रोल खत्म!
समुद्री किनारा पास ही है। वहां तकका मार्ग पैदल तय कर लेते हैं।

मगर समीपवर्ती चौराहे तक पहुंचते ही—
स्वागत के लिए चार गाड़ियां?
मगर ये लोग हैं कौन?
खर्रर्र
फर्रर्रsss
जूंss
स्र्रंssस्र्रंsss

तुम लोग इनमें से जिस गाड़ी में बैठना चाहो, बैठ सकते हो।
लेकिन क्यों और हमें कहां ले जाना चाहते हो।
हम तुम्हें स्वर्ग का रास्ता दिखाएंगे

लेकिन मैं तुम्हें नर्क का रास्ता दिखा सकता हूं।
लगता है चांगो के चमचों को जल्दी ही होश आ गया।

फुस्स्स
फुस्स्स
धांय

ठाक
धड़ाम

स्सांय स्सांय

कुछ देर बाद–
आओ! मैदान साफ है।
सर्रर्रर्र

एक भारी ट्रक हमारे पीछे आ रहा है।

रैटा...टा...टा...

सामने बंद दीवार! अब क्या करें?
मेरी पीठ से चिपकी रहो!

रे टा..टा.. टा...

अरे वह क्या बला है। सांप की तरह बल खाता दीवार पर चढ़ रहा है।

इस तरफ तो समुद्र है!
मुझे छोड़ना नहीं।

छपाक

यह बोट हमारे काम आएगी।

आखिर तुम हो क्या चीज...?
वक्त आने पर मालूम हो जाएगा।

मैंने तुम्हारे शरीर से सांप सनसनाते देखे थे।
ख्वाब देखा होगा।

हांगकांग के एक जमींदोज अड्डे में–
वह सिर्फ एक आदमी है और मेरे पास सैकड़ों कातिल हैं। फिर भी वह हाथ नहीं आया। आखिर वह है कौन?

मास्टर चांगो! वह सांपों से हमला करता है! शायद... शायद कोई जादूगर है।
क्या बकते हो?

चांगो क्रोध से बिफर पड़ा
तलाश करो उसे — किसी भी तरह उसका फन कुचल दो! सारे हांगकांग का कोना कोना छान मारो! मैं उसके टुकड़े टुकड़े देखना चाहता हूं।

राजकुमारी ताकाशी को हाथ आने पर भी कब्जे से निकल जाने दिया तुमने बेवकूफ! आई विल किल यू...!

उधर —
अब हम सुजुकी के मार्शल आर्ट स्कूल चलेंगे।

सुजुकी का स्कूल इस स्ट्रीट के आन्तिम छोर पर है।
धन्यवाद!

आपको किससे मिलना है?
मास्टर सुजुकी से कहो, सिल्वर लैण्ड की राजकुमारी उनसे मिलने आई है।

तशरीफ लाइए! आपका स्वागत है!

सुजुकी के कक्ष में —
आप! राजकुमारी जी! यहां इस हाल में, विश्वास नहीं होता!
गनीमत है कि आपने मुझे पहचाना तो बाबा।

जिसे मैं एक बार देख लेता हूं-भूलता नहीं। यह कौन है आपके साथ?
एक बहादुर राहगीर जो यात्रा के दौरान मुझे मिल गया-नाम नागराज!

महाराज तोकामा की हत्या की खबर मैंने पढ़ी थी...
किन्तु किस्मत से मैं बच गई बाबा। मेरी जगह मेरी एक सहेली मारी गई ...जो उस रात मेरे कक्ष में सो गई थी। लाश पहचानी न जाने के कारण कुछ समय के लिये चांगो और उसके साथी भी धोखा खा गए थे और मेरी सहेली को ही राजकुमारी समझ लिया गया।

कमाण्डर सबाटो के दल ने क्रान्ति की थी?
सबाटो एक मोहरा था। वास्तव में यह काम एशियन क्रुक चांगो का था!

एशियन क्रुक चांगो... शैतान चांगो।

मुझे सिल्वर लैण्ड को आतंकवादियों से आजाद करना है सुजुकी बाबा!
मुझे सोचने दो, मुझे सोचने दो!!

इस काम में शांगो तुम्हारे लिए मददगार साबित होगा-उसके मां-बाप का कत्ल भी चांगो के गिरोह ने किया था।
लेकिन मैं शांगो को नहीं जानती। उससे कहां सम्पर्क करूं?

तुम उसकी फिक्र न करो। यह सारा प्रबन्ध मैं करूंगा।
अब तुम लोग आराम करो। कल बातें करेंगे।

amaan.cooldude18
Trying To Be Perfect As Mr Perfectionist

सुबह—
बड़ा शोर हो रहा है।

ओह! मार्शल आर्ट्स, कुंगफू की प्रैक्टिस चल रही है।

ठाक

ठाक

ठाक

बाबा सुजुकी! ये लोग क्या बन्दरों की तरह उछल-कूद मचा रहे हैं?
यह कुंगफू विद्या है। इनमें एक-एक बीस-बीस गुण्डों से मुकाबला कर सकता है।

बचकाना और बेकार की उछल-कूद।
भाग जाओ यहां से। यह तुम जैसे लोगों की समझ से बाहर का आर्ट है।

दफा हो जाओ! वरना कोई हड्डी-पसली टूट जाएगी मेरे मेहमान बच्चे!
मैं इतना कमजोर तो नहीं हूं बाबा!

अभी पता चल जायेगा। तुम्हारे लिये तो हमारा सबसे कमजोर छात्र तोशी ही काफी है।

तोशी कतार से बाहर आया।
इस लड़के को दो-चार हल्के हाथ दिखाओ ताकि इसके दिमाग की धुंध छंट जाये।

फ्रस्स
ठाक

अरे! यह तो बेहोश हो गया मास्टर!
?
?!

तुरन्त ही नागराज के मुकाबले में एक तगड़ा योद्धा एक्शन में आ गया।
अब जरा जोनो से भी मुकाबला कर लो लड़के!

सब लोग मिल कर कोशिश करो। पकड़ लो इसे!

ठक
टिक
ठहरो! यह जंग बन्द करो!
मैंने किसी पर भी घातक वार नहीं किया बाबा! आत्म रक्षा में उल्टे-सीधे हाथ चलाए हैं। किसी को जोर से ना लग गया हो..?
मैं समझ गया हूं - कौन हो तुम? तुम स्नेक फाइटर हो- कुंगफू के मास्टर।
लड़कों! इस शख्स का अभिवादन करो।
थोड़ी देर बाद_
क्या तुमने उस तक मेरा संदेश पहुंचा दिया?
मास्टर, मैंने शांगो का पता लगाया है। वह कोलून के बन्दरगाह पर मछुआरों की बस्ती में रह रहा है।

जी हां! मास्टर, और वह किसी भी वक्त यहां आ सकता है।

राजकुमारी! शांगो और नागराज, अलग-अलग जंगलों के दो शेर हैं। यह आपका सौभाग्य है जो नागराज आपके साथ चला आया!

शांगो के पीछे यहां की पुलिस भी पड़ी है। इसलिए वह दो तरफा दबाव में काम करता है। लेकिन नागराज खुला कार्ड है।

किसी वक्त भी शांगो यहां मुझसे मिलने आ सकता है! मैं उससे बात कर लूंगा!

रात के समय-
शांगो आ गया है मास्टर... उसका कहना है कि हर तरफ अंधेरा हो - सिर्फ आपके कमरे में रोशनी रहे और सब रास्ते खुले हों!
ठीक है!

शांगो ने मास्टर के कमरे में कदम रखा-
मैं आ गया हूं मास्टर!
बैठो शांगो! मैं तुम्हारा ही इंतजार कर रहा था।

चांगो के विरुद्ध तुम्हारी जंग कैसी चल रही है।
उसने यहां की पुलिस को खरीद लिया है–जिस कारण मेरे काम में बाधा पहुंच रही है वरना अब तक वह जमीन से उठ चुका होता।

क्या तुम चांगो के विरुद्ध आखिरी जंग लड़ना पसंद करोगे?
पांच वर्ष से मैं उसी आखिरी जंग का इंतजार कर रहा हूं मास्टर!

तो फिर समझो, वह वक्त आ गया है। लेकिन यह जंग हांगकांग में नहीं सिल्वर लैण्ड में लड़ी जाएगी।

सिल्वर लैण्ड?

जब तुम मेरी पूरी बात सुनोगे तो तुम्हारे पास पूछने के लिए कोई प्रश्न नहीं होगा शांगो!

सुजुकी की पूरी बात सुनने के बाद –
यह एक सुनहरा मौका है। मुझे राजकुमारी से मिला दो। मैं अभी चलने के लिए तैयार हूं।
नहीं! इस तरह नहीं! तुम अपनी यात्रा अलग करोगे और राजकुमारी तुम्हें वहीं मिलेगी!

फिर मैं उन्हें पहचानूंगा कैसे?

उसका प्रबन्ध कर दिया जाएगा तुम कल आना।

amaan.cooldude18

अगली सुबह —
इन तीन अंगूठियों को अच्छी प्रकार पहचान लो। इनमें से दो तुम्हारे पास होंगी और तीसरी शागो के पास...

दोनों ने अंगूठियां धारण कर लीं।
इस तरह तुम तीनों एक दूसरे को पहचान सकोगे। वह तुमसे सिल्वर लेण्ड में आ मिलेगा।

सिल्वर लेण्ड में कणक बस्ती का सरदार मेरा शागिर्द है। तुम्हारी गतिविधि का केन्द्र वही स्थान होगा।
बहुत बेहतर!

मैंने उसके नाम खत लिख दिया है। यह लो!

अब हम चलते हैं सिल्वर लेण्ड की ओर।
अलविदा मेरे बच्चो! अवश्य ही तुम्हारी विजय होगी!

ईश्वर उन्हें शक्ति दे!

राजकुमारी ताकाशी और उसका साथी तुम्हारी शरण में हैं। उन्हें हमारे हवाले कर दो।

!

वरना हम तुम्हारी बूढ़ी खाल नोच कर फेंक देंगे और मांस चील-कौवों को खिला देंगे।

की... आय....

ठाक

खड़ाक

सक

सक

ठाक

सर्र...सर्र

फर्र...फर्र

कड़ाक

तड़ाक

या... ई...

ऊ...

हूं...

धुप्प

मर गया... हमारे आठ आदमी मार डाले इस बुड्ढे ने।
यहां से फौरन निकल चलो - यहां कोई नहीं है।

जब शांगो सुजुकी के पास पहुंचा-
उफ... मौत की गंध... बर्बादी... तबाही... आतंक...

मास्टर... मास्टर! यह आपको क्या हुआ... किसने खेला यह खूनी खेल...?
यह अंगूठी... सिल्वर लैण्ड... आह... ...

अंगूठी... सिल्वर लैण्ड... कातिल की पहचान... मैं उसे जिन्दा नहीं छोडूंगा... मास्टर... मैं इंतकाम लूंगा।

मछेरों की बस्ती में -
अब मेरा हांगकांग में कोई काम नहीं... मैं अकेला सिल्वर लैण्ड जा रहा हूं - लेकिन किसी को मालूम न हो कि शांगो कहां गया है।

चांगो के अड्डे पर —
क्या... वह नहीं मिले और सुजुकी का कत्ल कर डाला... मूर्खों तुमने सुजुकी का कत्ल क्यों किया?! सुजुकी के चेले संसार-भर में फैले हैं।

सुजुकी की मौत का समाचार सुनकर दुनिया भर के कुंगफू मैन हांगकांग का रुख करेंगे और अगर उन्हे मालूम हो गया कि इसमें चांगो का हाथ है तो अंजाम बुरा होगा!

हम क्या करते बॉस! वह बूढ़ा हम पर दरिन्दे की तरह टूट पड़ा था।
ठीक है तुम कर भी क्या सकते थे - जो कुछ करेंगे हम करेंगे।

जंबालू!
यस बॉस!

यहां आओ!
बॉस! योर एक्सीलेंसी! हमें क्षमा कर दिया जाए!

जंबालू, यह चार लोग तुम्हारी खुराक का इंतजार कर रहे हैं।

सड़ाक-सड़ाक

अगले दिन एक बियावान जंगल में –
चार लाशें पेड़ों से लटकी हुई हैं और इनकी गर्दनों पर किसी दरिन्दे के दांतों के निशान हैं।
ऐसी एक-दो घटना पहले भी घट चुकी है। खून पीने वाला दरिन्दा... शैतान... उफ्फ..

चांगो के अड्डे पर –
जंबालू! तुम मेरे साथ सिल्वर लैण्ड चलने के लिए तैयार रहो।
ओ.के. बॉस!

मेरे विशेष साथियों! फिलहाल हम हांगकांग से रुखसत हो रहे हैं। यहां हमारे दुश्मनों की तादाद बहुत बढ़ती जा रही है सब लोग पलायन की व्यवस्था करें।

चांगो का शिप सिल्वर लैण्ड के लिए चल पड़ा –

उधर सिल्वर लैण्ड में –
चांगो से पहले मुझे सुजुकी के कातिलों से निपटना है।

दोस्त! क्या तुम इस अंगूठी को पहचानते हो?
नहीं! मैंने ऐसी अंगूठी कभी नहीं देखी।

क्या तुमने यह अंगूठी कहीं देखी है?
मैं इसके सिर्फ बीस डॉलर दे सकता हूं।

तुम तो घर-घर डाक बांटते हो- तुमने देखी होगी यह अंगूठी किसी के पास?
मैं डाकिया हूं चोर नहीं। जो लोगों के जेवरों पर निगाह रखूं।

सात दिन हो गए - सुराग लगाते-लगाते, लेकिन कुछ भी पता नहीं चला...

गोदी में काम मिलेगा?
मैं काहिली बर्दाश्त नहीं करता - पूरी मेहनत करवाता हूं और पूरा पैसा देता हूं।

चलो, उठाओ पेटी। वरना खाल खींच लूंगा।
दो दिन का भूखा हूं सरकार!

सड़ाक
सड़ाक

मुंह क्या देख रहे हो? मर गया तो क्या हुआ। चलो, काम करो!

रात के समय—
हमारा एक साथी और मर गया... धीरे-धीरे हम भी मर जाएंगे
और हमारी जगह नये लोग आते रहेंगे। फर्क क्या पड़ता है।
हम लोग गुलाम हैं और गुलामों का यही जीवन होता है।

तुम लोग यह सब बर्दाश्त कैसे कर लेते हो?
हर नया आदमी तुम्हारी तरह जोश में आता है, फिर कोड़े पड़ते ही अक्ल ठिकाने आ जाती है।

लेकिन ऐसा है क्यों? मेहनत के बदले कोड़े क्यों?
जब से क्रान्ति हुई है सबाटो नया राजा बना है। पगार की जगह सिर्फ रोटी मिलती है, वह भी भर पेट नहीं।

जो मरा है, वह अपनी रोटियां बचाकर अपने भूखे बच्चों को देता था। कभी कभी दो-दो, तीन-तीन दिन तक फाके करता था। अब उसके बच्चों का क्या होगा?
यह जुल्म है, अन्याय है। पहले पगार तय की जाएगी, वरना काम नहीं होगा।

नहीं-नहीं हम तुम्हारी बातों में नहीं आ सकते।
हमें रोटी कौन देगा?
कोड़ों से कौन बचाएगा?

यह सब मैं करूंगा।

अगली सुबह-
तुम्हें मजदूरों की मांगें पूरी करनी ही पड़ेंगी.

पहले हम तुम्हारी नेतागिरी को चमकाये देते हैं बेटा... दो दिन में पर निकल गये।

सड़ाक
सड़ाक

तुम लोगों ने अब तक सिर्फ कोड़े चलाये हैं - इसका दर्द नहीं सहा...

...आज तुम्हें पहली बार इसका अहसास होगा।

साय
साय
साय

सड़ाक
गोली मार दो इसे!

सड़ाक
सड़ाक

अब इस गोदी पर हमारा कब्ज़ा है। हम खुद काम करेंगे और बराबर का हिस्सा बांट लेंगे भाग जाओ!

शाम के समय-
तुम में से किसी ने यह अंगूठी देखी है कहीं
दिखाना तो...
अंगूठी
अरे, मैं भी तो देखूं!

यह अंगूठी मैंने देखी है!
कहां?
याद करना पड़ेगा समझ में नहीं आता कहां देखी है!

हां...याद आ गया। सपने में एक फरिश्ता देखा, उसके पास यह अंगूठी थी और वह तुम थे
!!

शांगो की तलाश जारी रही-
एक ना एक दिन मैं सुजुकी के हत्यारे को तलाश कर ही लूंगा।

एक दिन शांगो उसी रेस्टोरेंट में पहुंचा जहां सबसे पहले पहुंचा था-
हां, वही हूं।
तुम वही तो नहीं हो जो एक खास किस्म के अंगूठी धारक को पूछ रहे थे?

इसी तरह की एक अंगूठी वाला तुम्हारी तलाश में है। अगर तुमने अपना पता यहां छोड़ा होता तो मैं उसे तुम्हारे पास भेज देता।
तुम्हें उसका पता मालूम है?

हां, लेकिन मैं मुफ्त में सेवा नहीं करता, पता बताने की फीस पांच सौ डालर...।
पांच सौ डालर...। यह तो बहुत ज्यादा है।

चार सौ से कम में बात नहीं बनेगी...?
ठीक है अन्दर किसी कमरे में चलो।

अन्दर के कमरे में-
मैं इत्मीनान से यहां तुम्हारा कत्ल कर सकता हूं!
न... नहीं!

बताओ उसका पता...
उसका नाम नागराज है और ग्रिन बीच के हट नम्बर पांच में रहता है।

नागराज! ग्रिन बीचं... हट नम्बर पांच..

नागराज मैं आ रहा हूं... मैं आ रहा हूं...

नागराज और शांगो